कार्यालय–अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रिया कलाप
हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर–208002

पत्रांक 697/शैक्षिक /2023–24 दिनांक : 21 / 09/2023

समस्त विभागाध्यक्ष/अधिष्ठाता स्कूल ऑफ इंजी/अधिष्ठाता स्कूल ऑफ टेक्नो0/वित्त नियंत्रक/पुस्तकालय अधीक्षक/कार्यशालाअधीक्षक/सिस्टम मैनेजर ।

कृपया अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय की दिनांक सितम्बर 18, 2023 को सम्पन्न विद्या परिषद की 17वीं बैठक के मद सं0 17.05 में निम्न निर्णय लिया गया है :

"परिषद ने विश्वविद्यालय के बी0टेक0 (द्वितीय वर्ष) में अनुत्तीर्ण छात्र–छात्राओं को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार तैयार किये गये नये पाठ्क्रम को पढ़ाये जाने के सम्बन्ध में निम्न निर्णय लिये:–

1. *बी0टेक0 द्वितीय वर्ष के अनुत्तीर्ण छात्र–छात्रायें वर्तमान मे नई शिक्षा नीति 2020 के अनुसार तैयार किये गये पाठ्क्रम को पढ़ेंगें तथा प्रथम वर्ष के शेष दो कोर्स को आगामी वर्षो में पूर्ण करेंगे ।*
2. *बी0टेक0 द्वितीय वर्ष के अनुत्तीर्ण छात्र–छात्रायें केवल पुर्नप्रवेश (Re-admitted) के रूप में ही पंजीकृत किये जायेंगे तथा उन्हे केवल रू 25,000/- की टोकन शुल्क एवं परीक्षा सम्बन्धी शुल्क देय होगा।* ***ऐसे छात्रों को Ex-student के रूप में पंजीकृत नही किया जायेगा ।***
3. *अनुत्तीर्ण छात्र–छात्रा के पुर्नप्रवेश (Re-admitted) के उपरान्त केवल अनुत्तीर्ण विषयों (PCP) की परीक्षा दिये जाने का निर्णय लिया गया । साथ ही उत्तीर्ण विषयों के अंको में सुधार (Improvement) हेतु छात्र–छात्राओं द्वारा पूर्व में उत्तीर्ण विषयों की परीक्षा भी दी जा सकेगी ।*
4. *प्रथम तथा द्वितीय वर्ष में अधिक संख्या में अनुत्तीर्ण (Year Back) छात्रों के दृष्टिगत स्पेशल कैरीओवर परीक्षा कराये जाने पर परिषद ने अपना अनुमोदन प्रदान किया तथा छात्रहित में यह परीक्षा शीघ्र–अतिशीघ्र कराये जाने के निर्देश दिये, जिससे छात्रों को उक्त का लाभ प्राप्त हो सके ।"*

यह पत्र इस आशय से प्रेषित है कि कृपया उक्त से अपने विभाग के छात्र–छात्राओं को अवगत कराये तथा इस सूचना को विभाग के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित करें।

21.09.2023

(प्रो0 आनन्द कुमार)
अधिष्ठाता शैक्षिक क्रिया–कलाप

Dean of Academic Affairs
HBTU, Kanpur